## खबर संक्षेप

### एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के संबंध में बैठक आज

**सतना।** सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 28 अप्रैल को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में सतना एयरपोर्ट की लम्बाई बढाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.सतीश कुमार एस ने संबंधित अधिकारियो को उपस्थित होने के निर्देश दिये गये है।

### ट्रक की टक्कर से बहन की मौत, भाई घायल

**उमरियापान।** मोटरसाइकिल से जबलपुर परीक्षा देने जा रहे भाई बहन को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना में भाई को चोटें पहुँची वहीं मौके पर बहन की मौत हो गई। उमरियापान पुलिस ने कार्रवाई कर मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में लिया। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि जिले के बरही थाना क्षेत्र के करेला निवासी समीर यादव अपनी बहन शशि यादव पिता रामशरण यादव (25) को शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित परीक्षा दिलाने जबलपुर मोटरसाइकिल से जा रहा था। उमरियापान थाना क्षेत्र के पोंड़ी खुर्द मोड़ पर सामने से आ रहे एक ट्रक के चालक ने मोटरसाइकिल पर टक्कर मार दी। मौके पर शशि यादव की मौत दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने कार्रवाई शुरू किया। उमरियापान अस्पताल में युवती का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि टक्कर मारने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### पुनः खोला गया पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का पोर्टल

**कटनी।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत एमपी टास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2024-25 का पोर्टल 31 मई तक पुनरू खोला गया है। सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के नोडल प्राचार्यों तथा सभी शासकीय एवं अशासकीय तकनीकी एवं प्रशिक्षण संस्थाओं को निर्देशित किया गया है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण के ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश ऑनलाईन आवेदन नही कर पाये थे। उन छात्र-छात्राओं हेतु पुनः पोर्टल खोला गया है। इस अवधि के पश्चात यदि कोई विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित रहता है तो इस हेतु छात्र-छात्रा एवं संस्था प्रमुख स्वतः जबाबदार होंगे। सभी संस्थाऐं पात्र विद्यार्थियों के पोर्टल पर आवेदन करना सुनिश्चित करें।

### योजनाओं का लाभ लेने किसान कराएं पंजीयन

**कटनी।** शासन के नवीन दिशा-निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अब किसानों को ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन करना आवश्यक है। किसान खरीफ वर्ष 2025-26 की कृषि योजनाओं के लाभ के लिए एम किसान एप के जरिए भी ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा पोर्टल और किसान की सहमति से कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी पंजीयन कराया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है।

## 40 किलोमीटर की रफ्तार से चली धूल भरी आंधी; टीन उड़ा, चार घायल

### बदला मौसम का मिजाज, मैहर में गिरा पानी, पारा 4 डिग्री लुढ़का



**सतना।** पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और बीच-बीच में बादलों की लुकाछिपी सोमवार को मौसम के बदले मिजाज में देखने को मिली। रविवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट बदली। सतना में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली और हल्की बूंदाबांदी हुई। मैहर में आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई।



मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि राजस्थान के ऊपर बने चक्रवात और महाराष्ट्र में एक चक्रवात के साथ टर्फ लाइन मध्यप्रदेश तक बनी होने के कारण यह स्थिति बनी है। सतना समेत रीवा संभाग में तेज हवाओं और धूल भरी आंधी के कारण शहर और ग्रामीण इलाकों की बिजली गुल हो गई। न्यूनतम तापमान 28.02 डिग्री और अधिकतम तापमान 36 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार यह स्थिति दो दिन तक बनी रहेगी। इसके बाद तापमान में फिर से बढ़ोतरी होगी।

### रिलायंस डिजिटल बिल्डिंग की छत पर लगा टीन उड़ा

तेज हवाओं से कुछ नुकसान भी हुआ। बस स्टैंड स्थित रिलायंस डिजिटल बिल्डिंग की छत उड़कर पड़ोस की दुकान पर गिरी। इस घटना में दुकानदार शिवम गुप्ता को नुकसान हुआ और तीन लोग मामूली रूप से घायल हुए।

### घंटों गोल रही बिजली

धूल भरी आंधी इतनी जबरदस्त तेज रही की बिजली गुल हो गई जिसको ठीक करने में बिजली कंपनी के कर्मचारियों को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा। तेज हवा कुछ देर बाद तो धीमी हो गई लेकिन धीमी गति की हवा भी घंटों चलती रही।

## मैहर में बेलगाम कार ने मासूम को मारी टक्कर, मौत

### बोस कॉलोनी में ड्राइविंग सीखते समय हुई घटना, शव लेकर थाने पहुंची महिला



**मैहर।** यहां की बोस कॉलोनी में शनिवार शाम तेज रफ्तार बेलगाम चार पहिया वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए तीन वर्षीय मासूम बालक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मासूम शिवांश पिता अमित सिंह चौहान की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,शिवांश अपने घर के सामने अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन कॉलोनी से निकला और मासूम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिवांश गंभीर रूप से घायल हो गया। बालक की मां शव को गोद में उठाए सीधे मैहर थाने पहुंच गईं। परिजन आनन-फानन में मासूम को सिविल अस्पताल मैहर लेकर पहुंचे,लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर मासूम की जान नहीं बचा सके। इलाज के दौरान शिवांश ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत के बाद गमगीन माहौल के बीच बालक की मां शव को गोद में उठाए सीधे मैहर थाने पहुंच गईं,उन्होंने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### कार ड्राइविंग सीख रहा था आरोपी

उधर,जानकारी के मुताबिक बोस कॉलोनी में विनोद सेन 55 वर्ष कार एमपी 19 सीबी 9203 को चलाना सीख रहा था। इस दौरान अचानक कार की रफ्तार बढ़ गई और तेज रफ्तार कार ने बच्चे को रौंद दिया। इसके बाद विनोद सेन ने अपनी कार से मासूम को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार जब्त कर ली है।

## बुलेट मोटर साइकिल से निकाल रहा था गोली की आवाज... पुलिस ने गाड़ी सहित दबोचा

### पहले भी आरोपी को ट्राफिक पुलिस ने किया था 20 हजार रुपए जुर्माना



**सतना।** यातायात पुलिस द्वारा शहर के बिगड़ैल यातायात को पटरी पर लाने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में ट्राफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर दो पहिया,चार पहिया वाहनों के कागजातों की जांच की जा रही है। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। ट्राफिक पुलिस द्वारा दहशत फैलाने वाले दो पहिया वाहन चालकों को भारी भरकम जुर्माना करके सबक सिखाया जा रहा है। ताकि भविष्य में वे इस तरह की हरकत न करें। शनिवार को ट्राफिक पुलिस ने सिविल लाइन तिराहा,कोठी मोड़ के पास एक बुलट राजा को पकड़कर रॉयल एनफील्ड बुलट जब्त कर ली। बंदूक की गोली की तरह तेज आवाज करने वाली माडीफाइड साइलेन्सर लगी बाइक की आवाज सुनते ही सड़क पर चलने वाले राहगीर जहां विचलित हो जाते हैं,वहीं उस क्षेत्र के दुकानदार एवं वाशिन्दे गोली चलने जैसी आवाज सुनकर दहशत में आ जाते हैं। ट्राफिक पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मोटरसाइकिल चालक को 20 हजार रुपये का चालान किया गया। बताया गया है कि माह भर पहले 27 अप्रैल की रात्रि कोठी में इसी बुलट को जप्त कर कार्यवाही की गई थी। मनकहरी कोठी निवासी पदमधर सिंह एमपी 19 एमवी 7522 रॉयल इनफील्ड से गोली चलने की आवास निकालता हुआ दहशत फैला रहा था। जिसे संज्ञान में लेकर पुलिस टीम ने उसके खिलाफ कार्यवाही करते हुये चालान काटा था। एक बार फिर इसी वाहन से गोली की आवाज निकालकर चालक ने पुलिस कार्यवाही को चुनौती देने का प्रयास किया था।

### फोटो वीडियो सहित करें शिकायत

यातायात थाना प्रभारी पंकज शुक्ला ने मोबाइल नंबर जारी करते हुये आमजन से अपील की है कि गोली की आवाज निकालने वाले दो पहिया वाहन दौड़ाने की जानकारी होते ही उसकी सूचना तत्काल दें। जिस पर ट्राफिक पुलिस कार्यवाही करेगी। वाहन की शिकायत फोटो वीडियो सहित मोबाइल नंबर- 7049 12 4281 पर की जा सकती है।

## थाने में मारपीट करने वाली महिला आरक्षक को एसपी ने किया सस्पेंड





**सतना।**

रीवा के यूनिवर्सिटी थाने में पदस्थ महिला आरक्षक शाहीन खान को पुलिस अधीक्षक ने सस्पेंड कर दिया है। पुलिस आरक्षक महिला पर एक महिला के साथ मारपीट करने का गंभीर आरोप है। महिला ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर शिकायत की है। उसने आरोप लगाया है कि शाहीन खान नाम की महिला पुलिसकर्मी ने कोलगवां थाना के कुछ पुलिसकर्मियों के सहयोग से मारपीट की है और उसे धमकी दी है कि यदि जावेद खान से पैसों की मांग की तो जान से मार देंगे। बताया जाता है कि सिंधी कैंप में रहने वाली आशा सिंह पति राजेंद्र सिंह के घर में जावेद खान नामक व्यक्ति पिछले दिनों किराए से रह रहा था। जावेद खान माधवगढ़ का रहने वाला है। अपनी परेशानियों को बता कर उसने आशा सिंह से पहले 70000 रुपये उधार लिए उसके बाद 2 लाख 99 हजार रुपए ले लिए।

### लौटाने का वादा किया था, लेकिन वापस नहीं किए

करीब 2 साल पहले लौटाने का वादा किया था, लेकिन पैसे वापस नहीं किए गए। जब महिला ने अपना पैसा वापस मांगना शुरू किया तो एक महिला पुलिसकर्मी के जरिए उसे डराना-धमकाना शुरू कर दिया। वहीं 24 अप्रैल को उसे घर से उठाकर सभी ने मारपीट की और उन्हें तमाम तरह से डराया धमकाया।

### पुलिस ने लिखी एफआईआर

आशा सिंह के द्वारा की गई शिकायत के मामले में कोलगवां थाना पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करने के बाद साधारण एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने जावेद खान से पैसों के लेनदेन के विवाद का प्रकरण कायम किया है। लेकिन महिला पुलिसकर्मी के द्वारा की गई मारपीट के संबंध में किसी प्रकार की कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है।

### क्या है शाहीन और जावेद की कहानी

पीड़ित महिला के मुताबिक शाहीन खान और जावेद खान पति पत्नी की तरह रहते हैं। विवाह नहीं हुआ है हालांकि दोनों एक दूसरे के संपर्क में है। जावेद खान के संबंध में बताया जाता है कि वह माधवगढ़ में शराब तस्करी का काम जोरों पर कर रहा है और इसके लिए उसने पुलिसिया संरक्षण प्राप्त कर रखा है। रीवा की महिला पुलिसकर्मी के सहारे वह अवैध कारोबार को अंजाम दे रहा है। इसी के चलते हर मामले में उसकी तरफदारी कर पुलिस खड़ी हो रही है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि प्रकरण में पुलिस विभाग क्या कार्रवाई करता है।

### थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया था

इस पूरे मामले में कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने बताया कि समान थाना रीवा में पदस्थ महिला आरक्षक शाहीन खान ने शिकायत की थी कि महिला आशा सिंह उसके साथ फोन पर गाली गलौच करती है।

इस पर सब इंस्पेक्टर मुलायम बाई द्वारा आशा सिंह को पूछताछ के लिए बुलाया था। इसी दौरान रीवा की महिला आरक्षक के बीच विवाद हो गया। उसी में आशा सिंह को चोट पहुंची। बाद में आशा सिंह की एमएलसी कराई गई। टीआई ने बताया कि आशा सिंह और जावेद के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद है।

## चित्रकूट में बैसाखी सतुहाई अमावस्या मेला प्रारंभ



**सतना।** चित्रकूट में बैसाखी सतुहाई अमावस्या के अवसर पर भगवान कामतानाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु सुबह 3 बजे से ही मंदाकिनी नदी में स्नान कर रहे हैं। इसके बाद वे कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा कर रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। किसान मठ-मंदिरों में सत्तू दान करते हैं भगवान कामतानाथ चित्रकूट के मुख्य आराध्य देव हैं। मान्यता है कि कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। बैसाखी अमावस्या पर सत्तू दान का विशेष महत्व है। कामदगिरि प्रदक्षिणा प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास के अनुसार, इस दिन बड़ी संख्या में किसान मठ-मंदिरों में सत्तू दान करते हैं। वे इससे पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। मान्यता है कि कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।



### कलेक्टर एवं एसपी ने किया चित्रकूट में मेले का निरीक्षण

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने रविवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थस्थल चित्रकूट पहुंचकर बैसाखी अमावस्या मेले की सुरक्षा एवं भीड नियंत्रण के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मोहकम गढ़ तिराहे से पीली कोठी तक बनने वाली टू लेन सड़क के निर्माण कार्य का अवलोकन किया और कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता चित्रकूट के घाटों,कामतानाथ मंदिर,परिक्रमा स्थल सहित विभिन्न प्रमुख आवागमन के मार्गों और स्थानों का भ्रमण कर निगरानी करते रहे।

## मैहर की चोपड़ा कॉलोनी में विक्षिप्त का आतंक... रात को दरवाजा खटखटाता है, कार तोड़ता है!



**मैहर।** यहां की चोपड़ा कॉलोनी में एक समय चोरों का आतंक था, जिसके कारण लोग परेशान थे। अब विक्षिप्त का आतंक होने से लोग और परेशान है। बताते हैं कि वह रात के लोगों के घरों का दरवाजा खटखटाता है और सड़क के किनारे खड़ी चार पहिया वाहनों को तोड़फोड़ करके नुकसान पहुंचाता है। कॉलोनी के लोगों ने इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी है और सहायता की मांग की है।

## 5 दिवसीय ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण आज से

**सतना।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा 28 अप्रैल से 2 मई 2025 तक 5 दिवसीय ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इसके बाद 5 से 9 मई,12 से 16 मई एवं 19 से 23 मई 2025 तक ऑनलाइन अल्प-विराम प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य आनंद संस्थान आशीष कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में शासकीय एवं अशासकीय व्यक्ति पंजीयन कराकर भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी राज्य आनंद संस्थान की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## नरवाई की आग ने तबाह कर दिए 5 घर, गृहस्ती चलकर हुई नष्ट





**सतना।** प्रशासन द्वारा नरवाई में आग लगाने पर रोक लगाने के बाद भी जमकर आग लगाई जा रही है। आग लगाने से कई प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं। ऐसी घटना रविवार को जिले के कोटर थाना अंतर्गत ढोरी गांव में घटित हुई। जहां खेत की नरवाई में लगाई गई आग ने गांव के 5 घरों को अपनी चपेट में ले लिया। मिली जानकारी अनुसार कुछ लोगों द्वारा गांव के बाहर नरवाई जलाने खेत में आग लगाई गई थी।हवा के चलते आग उड़ी और वीरेंद्र दाहिया,प्रमोद दाहिया,रामभुवन दाहिया,दिलीप दाहिया ,मिथुन दाहिया के घर में आग लग गई। तेज हवाओं ने आग को बेकाबू कर दिया। ग्रामीणों की चीख-पुकार मच गई ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। 2 दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घरों का सारा सामान,अनाज,बर्तन,कपड़े कुछ ही पलों में राख हो गई है। मौके पर कोटर पुलिस व तहसीलदार भी पहुंचे।

## इंदौर में सतना के शांभवी एबैकस एकेडमी के छात्रों ने रचा इतिहास





**सतना।** विश्व के अलग-अलग देशों में यूसीमास की आयोजित होने वाली राष्ट्रीय,अंतर्रराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के मध्यप्रदेश में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होनहारों के इस महाकुंभ का आयोजन 26 अप्रैल को इंदौर के बास्केट बॉल स्टेडियम रेस-कोर्स रोड इंदौर में सम्पन्न हुआ। जहां समूचे मध्यप्रदेश के 10 संभागों के, 55 जिलों से,239 सेंटर से एकत्रित होने वाले 5700 बच्चो को 8 मिनट में,200 जटिल अंकगणित सवालों को हल करने का लक्ष्य रहा जिसमें सतना शाम्भवी एबेकस एकेडमी के 151 छात्रों ने युद्ध स्तरीय रूप से पिछले 2 महीने की,प्रतिदिन कई घंटों की कड़ी मेहनत के बाद कॉम्पटीशन में दमखम से भाग लिया। संस्था संचालक विक्रम सर् ने बताया कि कैलकुलेटर से भी कई गुना तेज खुद को साबित करने वाली,8 मिनट की,सेकंड भर से भी कम समय मे उत्तर लिखने वाली यह स्पर्धा,प्रश्नों को देखकर रफ्तार से हल करना अभिभावकों के लिए एक अविस्मरणीय पल रहा। इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण रविन्द्र नाट्य गृह में 27 अप्रैल को आयोजित किया गया जिसमें टॉप-5 में अनिमेष गौतम प्रथम रनरअप रहे,विवान तारवानी और विश्रुत देव सिंह ने सेकंड रनरअप पर स्थान हासिल किया,अथर्व द्विवेदी और स्वयं गर्ग तीसरे रनरअप में जगह बनाई आराध्य शॉ और रेयांश शर्मा चौथे रनरअप पर आए सानिध्य सिंह,काव्या अग्रवाल,श्रेयांश भारद्वाज,अक्षत मिश्रा पांचवें रनरअप पर सुशोभित हुए।

## खबर संक्षेप

### अमानगंज पुलिस ने मोटर साईकिल चोर को किया गिरफ्तार

**अमानगंज।** थाना में फरियादी रवि कुशवाहा पिता कुटुआ कुशवाहा उम्र 32 निवासी पडरिया सनौरा थाना अमानगंज रिपोर्ट किया कि कटनी रोड पर खेत के पास उसकी मोटर साईकिल एचएफ डीलक्स कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चोरी की घटना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया जो पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गुनौर जिला पन्ना के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व मे टीम गठित कर मुखबिर की सूचना मिलने पर टीम को ग्राम सिमरा खुर्द थाना पवई रवाना किया गया, जो ग्राम सिमरा खुर्द में आरोपी देशपाल सिंह राजपूत पिता जगदीश सिंह राजपूत उम्र 29 साल निवासी सिमरा खुर्द थाना पवई के घर से एचएफ डीलक्स मोटर साईकिल कीमती 35000/- रूपये की जप्त की गई। इस कारवाही में निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री ,उनि. डी.पी. मिश्रा , प्रआर. शिवम शर्मा , आर. सतीश , द्वारका , विश्वास , सलीम, मुनेंद्र तुलसी , मेहरबान की सराहनीय भूमिका रही।

### बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिरा, मौके पर मौत



**अमानगंज।** पुलिस थाना क्षेत्र के पन्नादृ कटनी मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम मझगवां सरकार के पास एक बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिर गया जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना के बारे में प्राप्त जानकारी अनुसार देशपाल नाथ पिता केहर नाथ उम्र 35 वर्ष निवासी कटकहा अपने घर से ग्राम सप्तईया किसी शादी समारोह में सम्मिलित होने मोटरसाइकिल से निकला था और पन्ना दृकटनी मैन रोड पर ग्राम मझगवां सरकार के पास तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल चलाते हुए जा रहा था कि तभी उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क के नीचे किसी पत्थर से टकरा गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर अमानगंज थाना पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही उपरांत मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा के संबंध में बैठक आज



**पन्ना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 30 अप्रैल दिन बुधवार अक्षय तृतीया के दिन विधि विधान के साथ भव्यता पूर्वक मनाया जाएगा कार्यक्रम को भव्यता एवं दिव्यता देने के उद्देश्य से पन्ना नगर के राम जानकी मंदिर में दिनांक 28 अप्रैल शाम 7:00 बजे बैठक आयोजित की गई है आयोजित बैठक में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं भव्य शोभा यात्रा के संबंध में विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तैयार की जानी है आयोजक समिति ने समस्त ब्राह्मण समाज से अपील की है कि आज शाम 7:00 बजे श्री राम जानकी मंदिर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें।

#### केन्द्र के समान महंगाई भत्ता देने पर जताया आभार- राम नरेश मिश्रा

**अमानगंज।** मध्य प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र सरकार के समान महंगाई भत्ता देने के लिए आजाद अध्यापक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष विद्याचरण शर्मा और ब्लाक अध्यक्ष गुनौर राम नरेश मिश्रा ने आभार व्यक्त किया है और अपेक्षा की है कि सरकार शीघ्र ही नियुक्ति दिनांक और ग्रेच्यूटी की देने की घोषणा करे जिससे हम कर्मचारियों की समस्या का समाधान किया जा सके।

# वैश्विक संस्थाओं के सहयोग से पन्ना में होगा अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**पन्ना। हिंदी साहित्य के वैश्विक विस्तार के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन आगामी 4 मई 2025 को आयोजित होने जा रहा है। त्रिपुरा विश्वविद्यालय, त्रिपुरा के साहित्य संकाय द्वारा न्यू मीडिया सृजन संसार ग्लोबल फाउंडेशन, अदम्य ग्लोबल फाउंडेशन, आशा पारस फॉर पीस एंड हार्मनी फाउंडेशन, सृजन ऑस्ट्रेलिया, सृजन मॉरीशस, सृजन मलेशिया तथा मधुराक्षर जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं एवं संस्थाओं के सहयोग से एक अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।**

यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी न केवल भौतिक रूप से बल्कि डिजिटल माध्यम से भी जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम का स्थल मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित मध्य प्रदेश जल निगम कार्यालय निर्धारित किया गया है। वहीं, देश-विदेश के प्रतिभागी साहित्यकारों एवं दर्शकों के लिए गूगल मीट उपलब्ध कराया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय समयानुसार दोपहर 12:00 बजे होगी। इस आयोजन में हिंदी साहित्य के समर्पित साधकों की सहभागिता रहेगी, जो वैश्विक हिंदी साहित्यिक समुदाय के लिए एक प्रेरणास्पद क्षण होगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित अतिथि अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को विशेष बनाएंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. आशा शुक्ला करेंगी, जो ब्रॉउस, इंदौर, मध्य प्रदेश की पूर्व कुलपति रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे प्रो. विनोद कुमार मिश्र, जो त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के साहित्य संकाय के अधिष्ठाता हैं। इसके अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में देश के दो वरिष्ठ साहित्यकार, प्रो. सदानंद काशीनाथ भोसले (सवित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, पुणे) तथा प्रो. हरीश अरोड़ा (पीजीडीएवी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय) भी उपस्थित रहेंगे। इन विद्वानों की उपस्थिति से कार्यक्रम को बौद्धिक गरिमा प्राप्त होगी।

इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में विश्व के विभिन्न देशों से सुप्रसिद्ध रचनाकार काव्य पाठ करेंगे। इनमें प्रमुख रूप से श्री संजय अग्निहोत्री (सिडनी, ऑस्ट्रेलिया), डॉ. वजिरा गुणसेन (श्रीलंका), डॉ. रश्मि चौबे (मलेशिया), डॉ. प्रेमलता श्नीलमश (दमोह, भारत), श्री अरुण नामदेव (अमेरिका), श्रीमती शिखा रस्तोगी (थाईलैंड), श्रीमती कल्पना लालजी (मॉरीशस) और श्रीमती शालिनी गर्ग (कतर) शामिल हैं। इन वैश्विक कवियों के साथ भारत के भी कई प्रतिभाशाली रचनाकार अपनी साहित्यिक प्रस्तुति देंगे, जिनमें लक्ष्मीनारायण चिरोलया श्चिंतक' (पन्ना), राजीव खरे (रैपुरा), रघुवीर तिवारी (पवई) और पीयूष मिश्रा (पन्ना) विशेष उल्लेखनीय हैं।

कार्यक्रम का संयोजन अत्यंत व्यवस्थित ढंग से किया गया है। इस आयोजन के सह-संयोजक जयदीप सिंह सरस 'गोंडवी' (गोण्डा) होंगे। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी अनुभवी साहित्यकार डॉ. सुरेश श्रीवास्तव 'सौरभ' (पन्ना) के हाथों में होगी, जो अपने प्रभावशाली मंच संचालन के लिए प्रसिद्ध हैं। कार्यक्रम के संयोजक एवं निवेदक के रूप में पूनम चतुर्वेदी शुक्ला, संस्थापक-निदेशक, न्यू मीडिया सृजन संसार ग्लोबल फाउंडेशन एवं अदम्य ग्लोबल फाउंडेशन, अपनी भूमिका निभाएँगी। उनके कुशल नेतृत्व में यह आयोजन सफलता की ऊंचाइयों को छूने की उम्मीद कर रहा है।

इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदी कविता को वैश्विक मंच प्रदान करना है, ताकि हिंदी भाषी साहित्यकारों की आवाज़ विश्व भर में गूँजे और वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा की सृजनात्मकता एवं प्रभाव को नई ऊँचाइयाँ मिलें। सम्मेलन न केवल साहित्यिक संवाद को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि अलग-अलग देशों के साहित्यिक संस्कारों और दृष्टिकोणों को भी एक मंच पर लाकर समृद्ध करेगा। आयोजन समिति ने सभी हिंदी प्रेमियों, साहित्य साधकों और संस्कृति प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे इस सम्मेलन से ऑनलाइन माध्यम से जुड़ें और हिंदी कविता के इस वैश्विक उत्सव का हिस्सा बनें। आयोजन की अनूठी विशेषता यह है कि इसमें विविध भाषाई, सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आए कवियों की रचनाएँ एक साथ गूंजेंगी, जो वैश्विक हिंदी साहित्य के भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बनाने का कार्य करेंगी।

## लोक भारती संगठन द्वारा ग्राम गुखोर में आयोजित की किसान संगोष्ठी



**पन्ना।** ग्राम गुखोर में लोक भारती संगठन द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन कर किसानों को प्राकृतिक खेती कैसे करनी जिसके लिए किसानों से संवाद कर उन्हें इसके लाभ के बारे में बताया संगोष्ठी का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुरुआत की गई जिसमें प्रमुख रूप से श्री कृष्ण जी राष्ट्रीय संपर्क प्रमुख एवं गोपाल जी राष्ट्रीय महामंत्री एवं संजीत सरकार बगों लोक भारती के प्रदेश सह संयोजक उपस्थित रहे गोपाल जी द्वारा किसानों से चर्चा करते हुए लोक भारती संगठन की प्रकार पर्यावरण एवं प्राकृतिक खेती पर लगातार कार्य कर रहा है उसको विस्तार से बताया एवं श्री कृष्ण जी द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती कैसे करनी एवं इसमें मिट्टी की उर्वरक शक्ति बढ़ती है उसको विस्तार से बताया संगोष्ठी कार्यक्रम में जल गंगा के तहत अपनी जमीन में सभी के हितों के लिए तालाब का निर्माण कराया जा रहा जिसमें इसे किसान बहादुर बागरी को स्मृति चिन्ह देकर उनके इस कार्य के लिए सम्मानित किया। संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से चंद सपेरा, पंकज दुबे, मोजी लाल दादूराम कुशवाहा, एम एल विश्वकर्मा, रमाकांत शुक्ला शिवरतन मिश्रा, शैलेष कुमार अग्रवाल, रवि विश्वकर्मा, सोहन विश्वकर्मा, रामलाल तोमर ,सुदामा कुशवाहा सहित किसान उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत में राजीनामा के जरिए होगा प्रकरणों का निराकरण, हुई प्रि-सिटिंग बैठक



**पन्ना।** आगामी 10 मई को जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में आपसी राजीनामा के जरिए अधिकतम प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को जिला न्यायालय परिसर स्थित एडीआर सेंटर में प्रि-सिटिंग बैठक आयोजित की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन व विशेष न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी जयशंकर श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ की उपस्थिति में हुई बैठक के अवसर पर आवेदक, अनावेदक एवं बीमा कंपनी के अभिभाषकों के साथ क्लेम प्रकरणों के निराकरण पर चर्चा की गई।

नोडल अधिकारी ने सालसा द्वारा क्लेम प्रकरणों में प्रतिकर राशि के संबंध में जारी गाइडलाइन अनुसार उभयपक्ष के मध्य विस्तार से चर्चा कर प्रतिकर राशि पर सहमति बनाई एवं प्रपोजल भी तैयार करवाया। बीमा कंपनी से सहमति प्राप्त होने के उपरांत सभी प्रकरणों का लोक अदालत में राजीनामा से निराकरण हो सकेगा। प्रि-सिटिंग बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, बीमा कंपनी के अभिभाषक किशोर श्रीवास्तव, एम.एल. अवस्थी, आवेदक अधिवक्ता पवन शुक्ला, विनोद तिवारी, रोशन तिवारी, कृपाशंकर पाण्डेय, राजेश तिवारी, विजय सिंह राजपूत, आनंद त्रिपाठी, करण सिंह भी उपस्थित रहे।

# माध्यमिक विद्यालय से मैंस में चयनित छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



**पन्ना।** देवेंद्रनगर ग्राम गुखोंर में एक सादा समारोह कार्यक्रम में नवांकुर संस्था ग्राम विकाश प्रस्फुटन समिति फुलवारी के तत्वाधान में आयोजित जल गंगा संवधर्न का आयोजन एवं ग्राम गुखोर के माध्यमिक विद्यालय से चयनित 10 छात्र छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर नवांकुर संस्था द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारतमाता एवं स्वामीविवेकानंद के छाया चित्र में माला डाल कर हुई जिसमें प्रमुख रूप गोपाल जी राष्ट्रीय महामंत्री लोक भारती एवं संजीत सरकार प्रदेश सह संयोजक बगों लोक भारती मध्य प्रदेश सहित ग्राम पंचायत के सरपंच मौजी लाल चौधरी पूर्व सरपंच दादूराम कुशवाहा उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत शैलेष अग्रवाल शैलू द्वारा माल्यार्पण के द्वारा किया गया कार्यक्रम में राष्ट्रीय मेस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम का सफल संचालन एम एल विश्वकर्मा नवांकुर संस्था प्रमुख द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप गौतम ,गंगा पटेल छोटे सरकार,रवि विश्वकर्मा, सोहन विश्वकर्मा सुदामा कुशवाहा रामलाल तोमर सहित विद्यालय का स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# गुनौर विधायक ने पीएम श्री स्कूल सलेहा के विद्यार्थियों से किया संवाद, विकास कार्यों की दी सौगात



**पन्ना ।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने शनिवार को सलेहा क्षेत्र में मोटर साईकिल से भ्रमण कर आमजनों की समस्याएं सुनीं। साथ ही पीएम श्री शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विधायक ने बच्चों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शौचालय व्यवस्था में सुधार, क्रिकेट सामग्री की उपलब्धता एवं सांस्कृतिक भवन एवं छात्र-छात्राओं के लिए पृथक कक्षाओं के संचालन के लिए भी कहा। उन्होंने विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान कहा कि अध्ययन के साथ अपनी रूचि के खेल में भी जरूर सहभागिता करें। विद्यालय प्राचार्य को बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं स्कूल में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था के निर्देश देते हुए फ्रीजर लगवाने की बात भी कही। विधायक डॉ. वर्मा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सलेहा के प्राचीन तालाब में स्थानीयजनों के साथ श्रमदान कर साफ सफाई की गई एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया। उन्होंने अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। विधायक ने नचने में चबूतरा एवं शेड निर्माण का लोकार्पण तथा गंज में बाल सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन भी किया।

# बिना सुरक्षा इंतजाम बुलडोजर कार्रवाई से अचानक गिरा दो मंजिला मकान लोगों ने भाग कर बचाई जान



**पन्ना।** अजयगढ़ कस्बे में बस स्टैंड से चंद कदमों की दूरी पर एवं नगर परिषद कार्यालय के ठीक पीछे स्थित प्राचीन हजूरी तालाब की जमीन पर सैकडा भर से अधिक लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर पक्के मकानों का निर्माण करवा लिया गया था, अतिक्रमण हटाने के संबंध में प्रशासन के द्वारा कई बार नोटिस जारी किए गए और अतिक्रमण कारियों को समझाइश दी गई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद नगर परिषद राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा दो जेसीबी मशीनों से अतिक्रमण हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया जानकारी के अनुसार यहां 103 अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे संपूर्ण प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा लेकिन बिना सुरक्षा इंतजाम के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई इसी दौरान भाजपा के पूर्व पार्षद के भाई रमेश गुप्ता लोहे वाले के दो मंजिला मकान को इतनी लापरवाही पूर्वक किराया गया कि यह दो मंजिला मकान अचानक भरभरा कर धराशाई हो गया जिससे आसपास खड़े सैकड़ा भर से अधिक लोगों में भगदड़ मच गई। पहले नीचे का हिस्सा धराशाई कर दिया गया इससे अचानक पूरा मकान अचानक गिर गया, सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने से कोई भी घटना घट सकती थी यह वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है और लोगों के द्वारा प्रशासन पर सवाल उठाए जा रहे हैं। फिलहाल दोनों जेसीबी मशीन खराब होने से 2 दिन के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को रोक दिया गया है। 103 चिन्हित अतिक्रमण में फिलहाल आधा सैकड़ा अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं।

# पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने अवैध तरीके से रेत के उत्खनन की जमीनी हकीकत जानी

**क्या प्रशासन केन की दास्ता को लेकर बना अंजान, आखिर किसकी वजह से केन की दुर्दशा कौन है जिम्मेदार?**




**पन्ना।** जिले में रेत के अवैध कारोबार को लेकर वैसे तो समय-समय पर कभी कभार प्रशासन की कार्यवाही जानी जाती थीं पर अब लम्बे अर्से से पूरी तरह विराम ले चुकी है। केन नदी माफियाओ के हवाले वहीं विगत कुछ दिवसों पूर्व पूर्व सांसद कंकर मुंजारे केन नदी की दास्ता जमीनी हकीकत जानने के लिए केन नदी जा पहुंचे। जहां उन्होंने रेत के अवैध कारोबार को लेकर जो दास्ता परखी देखी, जिसमें मशीनों से रेत का कारोबार किस तरह से केन नदी जल के अंदर से किया जाता है। आखिर नियमों के मापदण्ड क्या है क्या इस तरह से रेत का अवैध उत्खनन करने को लेकर खुली छूट दी गई है। क्या कानून नतमस्तक हो चुका है। प्रशासन की नजर इन माफियाओं को लेकर बंद मानी जा रही है। या यह कहें कि मौन स्वीकृति या फिर कहीं न कहीं खुली छूट क्यों? कई तरह के सवाल जो जिम्मेदारों से जवाब के रूप में जन चर्चा का विषय बने हुए है जनप्रतिनिधियों की बात करें तो आखिरकार केन नदी में जो हालात है सायद किसी को परवाह नहीं। चाहे वह सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। कहनें तो जनता से सरोकार पर केन नदी की दुर्दशा को लेकर सायद जिम्मेदारी अब किसी की नहीं। दास्ता अजीबों गरीब पूर्व सांसद कंकर मुंजारे जोकि संघर्ष को लेकर स्वयं ही जाने जाते है जिन्होंने जमीनी हकीकत केन नदी को लेकर जानी। किस तरह से रेत का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। इतना ही नहीं केन नदी के बसे किनारे के गांवों में भी आम आदमी को 2500 रूपये की रेत की ट्राली मिलती है। वहीं अवैध कारोबार से रेत की चैन माफियाओं को लेकर फल-फूल रही है। कहने तो जल गंगा संवर्धन अभियान दूसरी तरफ केन नदी के जल को आने वाले समय में कितने फिट नीचे पहुंचाया जा रहा है कहीं केन नदी बिलुप्त न हो जाये फिर भी रेत के कारोबारियों पर प्रशासन की नजर कृपा को लेकर कब तक मानी जायेगी। क्या केन नदी से अवैध रेत के कारोबार को लेकर इस तरह से रेत निकालने के नियम दम तोड़ रहे है। क्योंकि जल के अंदर से मशीनों के माध्यम से रेत निकाली जाती है। आखिर जल जीवों की हत्या भी होती है। कहीं न कहीं रेत को लेकर जिस तरह के हालात है इससे कानून दम तोड़ रहा है। माफिया राज सफेद पोसधारियों की कृपा से प्रशासन बना अंजान। आखिरकार जनता क्या केन नदी की बचाव को लेकर जागेगी। ताकि केन नदी में होने वाला ताण्डव पर लगे विराम।

## परशुराम जन्मोत्सव मनाए जाने की तैयारी आरंभ आवश्यक बैठक आज



**अमान गज, पन्ना।** लखन तिवारी हिंदू सनातन संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक परशुराम जन्मोत्सव आगामी 30 अप्रैल को सारे देश में पूरे उत्साह के बीच गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मनाया जा रहा है जहां भगवान परशुराम के वंशज उनके भक्त पूरे उत्साह और श्रद्धा भक्ति भाव के साथ उनकी आराधना एकजुट होकर करेंगे इसी विषय को लेकर पन्ना जिले के बहुसंख्यक विप्र समुदाय क्षेत्र अमानगंज नगर मुख्यालय में यह आयोजन हर वर्ष आयोजित होता है जिसकी तैयारी बैठक आज 28 अप्रैल को नगर के मुख्य देव स्थल श्री श्री 1008 बालाजी सरकार मंदिर में आयोजित की गई है इसकी जानकारी देते हुए संगठन के तहसील अध्यक्ष लखन जी तिवारी ने बताया है कि यह त्यौहार पूरे उत्साह भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा अतः सामाजिक कार्यकर्ताओं से आग्रह है की बैठक में उपस्थित होकर यथा उचित मार्गदर्शन देकर त्योहार को सफल बनाए जाने में सहभागी बनें।


### वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे गणमान्य जन



पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक श्री बृजेंद्र प्रताप सिंह का अमानगंज प्रवास हुआ जिसमें पूर्व में मिले वैवाहिक निमंत्रण के तहत परिवारों में जाना हुआ जिसमें श्री संतोष बरसिया, श्री अशोक कुमार गुप्ता (कढ़ोरी सेठ) श्री संजय तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं श्री मिथिलेश द्विवेदी पूर्व सी एम ओ गुनौर के घर पहुंचे वर वधु को आशीर्वाद दिया जिसमें मंडल अध्यक्ष अमानगंज प्रशांत चतुर्वेदी नगर परिषद अध्यक्ष सारिका शारदा खटीक लखन तिवारी जी मुकेश चौबे विशाल सिंह भदोरिया प्रदीप अवस्थी हनुमत राजा भूपेंद्र राजा और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# 24 घंटे जहां जिम्मेदारी का दायित्व फिर भी पुस्तक से मित्रता अभी भी जारी

### थाना प्रभारी अजयगढ़ बखत सिंह ठाकुर की कार्यप्रणाली सादगी के साथ जीवन में पुस्तकों के माध्यम से सतत जुड़ाव ज्ञान की दिशा को लेकर अध्ययन अभी भी दे रहा युवाओं को दिशा




**पन्ना।** जीवन में सफलता को लेकर आपकी स्वयं की कार्यप्रणाली ही मददगार साबित होती है। व्यस्तता के साथ-साथ सदैव पथ पर आगे बढ़ने के लिए जीवन की राह तय करते हुए संघर्षों के साथ सेवा का दायित्व निभाने के बावजूद भी पुस्तकों को सच्चा मित्र मानकर सदैव ज्ञान अर्जित करने को लेकर जो चलते है वह निश्चित ही कामयाबी की राह को लेकर जाने जाते है। मां सरस्वती की कृपा सायद यही जानी जाती है। उदाहरण को लेकर आज भी थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर जिनकी सादगी की कार्यप्रणाली तथा 24 घंटे कानून का पालन कराने को लेकर जिनकी जिम्मेदारी जानी जाती है जिले के अजयगढ़ थाने में आज भी जिनकी सेवायें है वहीं इसके पूर्व बृजपुर थाने में आपका कार्यकाल आज भी कहीं न कहीं संदेश छोड़ रहा है। बृजपुर में तो आपके द्वारा बच्चों के ज्ञार्नाजन के लिए लाईब्रेरी बनाई गई थी जिससे छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मदद मिलने के आसार तय हुए। वहीं अजयगढ़ थाने में भी आपकी सेवायें जहां व्यस्तता को लेकर तो मानी ही जाती है। फिर भी स्वयं व्यस्तम समय में पुस्तकों से ज्ञार्नाजन का लगाव आज भी देखते ही बनता है। तभी तो सफल मुकाम को लेकर अपने विभाग के साथ-साथ समाज में पहचान कायम हुई जिनकी कार्यप्रणाली आम जनता को भाती है। वहीं कानून का पालन कराने को लेकर सतत जाने जाते है। वहीं पुस्तक ही परम मित्र तथा पुस्तकों से पूर्व काल से लेकर वर्तमान के साथ-साथ भावी दिशा को लेकर जिस तरह से जीवन की राह तय कर रहे हो सायद स्वयं ही मुकाम व सफलता तथा छात्र-छात्राओं के बीच में भी पहुंचकर शिक्षा की अलख जागते हुए मददगार के रूप का भी छात्र-छात्राओं को बस्ते प्रदान करते है तो कभी पढ़ने-लिखने को लेकर सामग्री वहीं छात्र-छात्राओं के बीच में पहुंचकर उनके जीवन को सफल मुकाम तय करने के लिए उन्हें प्रेरणा देती है। जो दूसरों के भविष्य को संवारते है। आखिर मां सरस्वती की कृपा से उनका जीवन स्वमेव संवरता नजर आता है। परोपकार की दिशा वहीं जब भी मौका मिलता उस मुकाम को तय करते है मदद के साथ-साथ अपराधियों में खौप को लेकर जाने जाते है। तभी तो आज बेमिशाल के रूप में पुलिस विभाग में स्वयं के कार्यप्रणाली के साथ-साथ आम जनता में भी सम्मान की नजर से जाने जाते है।

**खबर संक्षेप**

### मानसिक रूप से अक्षम नाबालिग के साथ ट्रक ड्राइवर ने की हैवानियत

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड पर दीक्षित पेट्रोल पंप के समीप गोपी दाऊ बेयर हाउस के पास एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ट्रक ड्राइवर ने 16 वर्षीय मानसिक रूप से अक्षम नाबालिग लड़के को बंधक बनाकर न केवल मारपीट की, बल्कि उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य भी कर डाला।पुलिस के अनुसार, आरोपी ट्रक ड्राइवर हरिश्चंद्र चौरसिया ने नाबालिग को ट्रक के अंदर बंधक बनाया और इस जघन्य कृत्य को अंजाम दिया। संबंधित ट्रक राजाराम गुप्ता का बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ड्राइवर और ट्रक को हिरासत में लिया है। वहीं पीड़ित नाबालिग लड़के का मेडिकल चेकअप कराया गया है और सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, पाक्सो एक्ट और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मतंगेश्वर मंदिर में अमावस्या पर उमड़ा भक्तों का सैलाब



**खजुराहो।** मतंगेश्वर मंदिर में रविवार को अमावस्या के अवसर पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह 4 बजे से शुरू हुआ भक्तों का आगमन देर शाम तक जारी रहा। बुंदेलखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने शिवसागर तालाब में स्नान कर भोलेनाथ को जल चढ़ाया और दान-पुण्य किया। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए खजुराहो पुलिस ने मंदिर और घाट पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए। थाना प्रभारी सुरभि शर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा। सीएमओ बसंत चतुर्वेदी और नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू अवस्थी) ने एक दिन पहले तालाब और घाट की साफ-सफाई सुनिश्चित की, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में कोई असुविधा न हुई।

### शॉर्ट सर्किट से दो घरों में लगी भीषण आग



**चंदला।** कस्बे के वार्ड नंबर 3 की एक कॉलोनी में विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग ने दो घरों को जलाकर राख कर दिया। इस हादसे में 7 बकरियां और एक गाय का बछड़ा जिंदा जल गया, जबकि लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, आग से भैरों सिंह और रघुबर अनुरागी के घर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। घरों में रखा राशन, गेहूं, जौ, चना, भूसा, नकदी और जेवरात जलकर खाक हो चुका है। एक घर में करीब 3 लाख और दूसरे में 5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। हादसे में रामकली नाम की महिला भी जख्मी हुई है। आग लगने की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, जहां स्थानीय लोगों और पुलिस बल के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से सहायता की मांग की है।

# लव जिहाद का मामला होने की आशंका, पुलिस ने दर्ज किया मामला

## हनुमान टौरिया के पास हिंदू संगठनों ने पकड़े तीन लड़कियां और दो लड़के

छतरपुर।

**कोतवाली थाना क्षेत्र की हनुमान टौरिया के पास बीती रात एक गंभीर घटनाक्रम में हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने तीन नाबालिग लड़कियों और दो लड़कों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है।**



पकड़े गए युवक-युवतियों के मोबाइल में कथित तौर पर आपत्तिजनक वीडियो मिलने से मामला गंभीर हो गया है। हिंदू संगठनों ने लव जिहाद की आशंका भी जाहिर की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 10:30 बजे भगवा ब्रिगेड, विश्व हिंदू परिषद और हिंदू जोड़ो संगठन के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि हनुमान टौरिया के पास कुछ संदिग्ध लड़के-लड़कियां मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे, जहां तीन नाबालिग लड़कियां और दो लड़के (एक नाबालिग) मौजूद मिले। भगवा ब्रिगेड के प्रशांत महतों ने दावा किया कि ये युवक-युवतियां आपत्तिजनक हालत में थे। उनके मोबाइल फोनों की जांच में कुछ आपत्तिजनक वीडियो भी पाए गए, जिसके आधार पर संगठनों ने इसे लव जिहाद का मामला होने की आशंका जताई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्यकर्ताओं ने तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी। कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी युवक-युवतियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने लड़कियों की शिकायत के आधार पर दोनों लड़कों, जिनमें एक नाबालिग और एक बालिग अमन खान शामिल है, के खिलाफ छेड़छाड़, पाक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

**इनका कहना है -**

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मामले की गहन जांच की जा रही है। पकड़े गए युवक-युवतियों के मोबाइल में मिले वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं पर निष्पक्षता के साथ जांच कर रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**अमन मिश्रा, सीएसपी, छतरपुर**

## भीषण गर्मी से मिली राहत, सुबह से ही छतरपुर जिले में रहा ठंडा मौसम

### दिनभर चली ठंडी हवाएँ, लोगों ने ली राहत की सांस

छतरपुर।



प्रदेश में लंबे समय से भीषण गर्मी झेल रहे छतरपुर जिले के लोगों को रविवार को बड़ी राहत मिली। सुबह से ही आसमान पर घने बादल छाए रहे और ठंडी हवाओं ने पूरे इलाके को सुकून भरा बना दिया। तेज धूप और चुभती गर्मी से परेशान राहगीरों और आम नागरिकों ने मौसम के इस खुशनुमा बदलाव का भरपूर आनंद लिया। बता दे की सुबह होते ही जिले के प्रमुख नगरों छतरपुर, घुवारा, भगवा ,बमनौरा रामटौरिया और आसपास के इलाकों में मौसम ने अचानक करवट ली। आसमान में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई और हवाओं का रुख भी तेज हो गया। दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। वही मौसम विभाग ने पहले ही पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया था कि मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है और हवाएं तेज चल सकती हैं। हालांकि छतरपुर जिले में रविवार को हल्की हल्की बारिश हुई, और आसमान में बादल छाए रहने और ठंडी हवाएं चलने से मौसम सुहावना बना रहा। वही रविवार को तापमान में आई गिरावट से लोग अपने घरों से बाहर निकल कर घूमते नजर आए। पार्कों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हलचल देखने को मिली। बच्चों और बुजुर्गों ने भी मौसम का आनंद लिया। दुकानदारों और छोटे व्यापारियों ने बताया कि ठंडे मौसम के चलते आज ग्राहकों की आवाजाही भी बढ़ी। स्थानीय किसानों ने भी मौसम के बदलाव पर खुशी जाहिर की। उनका कहना है कि यदि आने वाले दिनों में हल्की बारिश होती है, तो खरीफ फसलों की बुवाई के लिए यह मौसम बेहद अनुकूल रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक जिले में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है। इससे तापमान में और गिरावट आ सकती है और भीषण गर्मी से राहत बनी रहेगी।

## ग्राम पंचायत महयाबा जनपद गौरिहार में 60 लाख के फर्जी भुगतान का बताया गया

## कमिश्नर के आदेश के बाद भी नहीं हुई जांच, लीपापोती में जुटा स्थानीय अमला

गौरिहार।

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत महयाबा की सचिव श्रीमती रचना मिश्रा द्वारा 60 लाख की राशि को अवैध रूप से भुगतान करने की शिकायत बीते 11 अप्रैल को कमिश्नर सागर से की गई थी, शिकायत के बाद 17 अप्रैल को कमिश्नर द्वारा कलेक्टर छतरपुर को पत्र लिखकर विंदुवार जांच कर अभिमत सहित प्रतिवेदन भेजने को कहा गया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच न होने से मामले में स्थानीय अमला लीपापोती करने में जुटा है। कार्रवाई न होता देख शिकायत करने वाले ग्रामीण अब मंगलवार को जनसुनवाई में पुनः जांच के लिए आवेदन करेंगे।

**सचिव पर 60 लाख रुपये के फर्जी भुगतान के लगे हैं आरोप -**

कमिश्नर को दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने सचिव द्वारा 60 लाख रुपये के फर्जी वाउचर बनाकर भुगतान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि सचिव द्वारा करीब 40 लाख 27 हजार 5 सौ 5 रुपये का भुगतान सीसी सड़क, कूप मरम्मत व साफ सफाई आदि के नाम पर ग्राम निबीखेड़ा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता शिवदत्त सेन को किया गया है जबकि उसके पास कोई बैध जरिया नहीं जिससे वह भुगतान ले सके। इसी तरह हरवंशपुर निवासी सुरेश मिश्रा को फर्जी तरीके से 20 लाख 68 हजार 100 रुपये का भुगतान किया गया है यह भुगतान आंगनबाड़ी भवन निर्माण, टैंकर मरम्मत, कुर्सी क्रय आदि के नाम किया गया है। जबकि इनके पास भी कोई फर्म या दुकान नहीं है।




**सीईओ सहित सचिव व भुगतान पाने वालों की कब होगी जांच?**

पत्र में 60 लाख के फर्जी भुगतान के मामले में जनपद पंचायत सीईओ, सचिव सहित भुगतान पाने वाले शिवदत्त सेन व सुरेश मिश्रा खिलाफ जांच करने का अनुरोध किया गया है। कमिश्नर सागर द्वारा जांच के लिए पत्र भी लिखा गया लेकिन अभी तक जांच की शुरुआत भी नहीं हो सकी है। 10 दिन बीत जाने के बाद भी जांच न होने से ग्रामीण पुनः मंगलवार को जनसुनवाई में शिकायत प्रस्तुत करेंगे। जांच में देरी होने से इस गंभीर मामले में स्थानीय स्तर पर लीपापोती की जा रही है।

# अवैध क्लीनिक पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## तीन क्लीनिक सील, दस्तावेज न मिलने पर होगी एफआईआर



छतरपुर।

स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को जिला मुख्यालय पर संचालित तीन अवैध क्लीनिकों के खिलाफ छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम शामिल रही। अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों को सील कर दिया गया है, और दस्तावेज न प्रस्तुत करने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी गई है।

सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई के दौरान क्रिश्चियन हॉस्पिटल के पास संचालित सिंह क्लीनिक के पास वैध दस्तावेज नहीं मिले, जिसके चलते क्लीनिक को तत्काल सील कर दिया गया। इसके अलावा, संकट मोचन मार्ग पर स्थित डॉ. शकील के क्लीनिक और आरोग्यम क्लीनिक पर भी छापामारी की गई है। इन क्लीनिक संचालकों से वैध डिग्री और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। डॉ. गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, तो संबंधित संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल, तीनों क्लीनिकों को सील कर दिया गया है।

वहीं एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में संचालित क्लीनिकों के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। इसके साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जिनमें एसडीएम, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) और अन्य स्टाफ शामिल हैं। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि अवैध क्लीनिकों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत हुआ हनुमान बाग का पुनरुद्धार

**बड़ामलहरा।** 30 मार्च से 30 जून तक चलाये जा रहे जल गंगा सम्वर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बड़ामलहरा में जल संरक्षण और हरित क्षेत्रों के विकास तथा उनके उचित रख रखाव के कार्य लगातार किये जा रहे हैं।

इसी के तहत नगर के एकमात्र पार्क हनुमान बाग में साफ सफाई और पेड़ पौधों की कटाई छंटाई का कार्य करवाया गया। पार्क में स्थित कुएँ की भी साफ सफाई कराई गई और आवश्यक मरम्मत कराई गई। बंद पड़े फव्वारे को शीघ्र चालू कराए जाने की भी कार्यवाही की जा रही है। विशेष अभियान चला कर पार्क की बंद पड़ी सभी लाइटों को चालू कराया गया है। पार्क में बच्चों के लिये लगाए गए झूले आदि उपकरणों का भी निरीक्षण कर उनकी आवश्यकतानुसार मरम्मत कराई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि हनुमान बाग नगर का एकमात्र पार्क है, जहाँ प्रतिदिन सुबह व शाम को काफी संख्या में बच्चे महिलाएं व वृद्धजन सहित नागरिक घूमने आते हैं। पार्क में स्थित ओपन जिम का भी उपयोग युवा वर्ग अपनी फिटनेस और स्वास्थ्य हेतु करते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमाशंकर मिश्र ने ओपन जिम के उपकरणों का निरीक्षण कर उन्हें दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पार्क में एक चौकीदार की तैनाती की गई है।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**छतरपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देशवासियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए छतरपुर के हड़ताल पर चल रहे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शनिवार शाम एक विशेष शोक रैली का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सीएमएचओ ऑफिस से हुई, जहाँ बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी एकत्रित हुए। वहां से रैली निकालकर वे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के पास स्थित कारगिल चौक पहुँचे। कारगिल चौक पर सभी कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट की।



## 20 साल पुराने चोरी के प्रकरण में फरार 10-10 हजार के इनामी आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



छतरपुर।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी को न्यायालय में कई वर्षों से लंबित आपराधिक मामलों के निपटारे या समाधान हेतु निर्देशित किया गया है। जिला स्तर पर पुराने प्रकरणों के फरार आरोपियों, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

थाना ओरछा रोड में वर्ष 2004 एवं 2005 में चोरी का अपराध दर्ज हुआ था। आरोपी की तलाश की जा रही थी, अपराध न्यायालय में लंबित था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने उक्त दोनों चोरी के प्रकरण में फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु दस-दस हज़ार रुपए के इनाम के उद्घोषणा की थी।

थाना ओरछा रोड पुलिस टीम ने 21 साल एवं 20 साल पुराने वर्ष 2004 एवं 2005 के 2 चोरी के प्रकरण के आरोपी शहीदुल शाह उर्फ लादेन उर्फ राजा पिता रज्जाक शाह उम्र 50 साल निवासी गढी मोहल्ला जिला दमोह को जिला पन्ना से गिरफ्तार किया, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। 21 एवं 20 साल पुराने दोनों लंबित आपराधिक मामलों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ओरछा रोड उप निरीक्षक दीपक यादव, सउनि.गोकुल सिंह मराबी, प्र.आर. राकेश कुमार, प्र.आर. रविकांत अहिरवार, प्र.आर. महेन्द्र यादव, प्र.आर. राहुल पटैरिया, आर. सुरेन्द्र तिवारी,आर. रविन्द्र यादव की भूमिका रही।

## 17 साल पुराने इनामी अपराधी को पकड़ा

नौगाँव।




वर्ष 2008 में हत्या का प्रयास अपराध दर्ज हुआ था। पूर्व में आरोपी प्रताप सिंह राय गिरफ्तार किया गया था। अन्य आरोपी की तलाश की जा रही थी, अपराध न्यायालय में लंबित था। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपए के इनाम के उद्घोषणा की थी। थाना नौगाँव पुलिस टीम ने 17 साल पुराने वर्ष 2008 के हत्या के प्रयास के प्रकरण के आरोपी सुघर सिंह खंगार पिता मानसिंह खंगार उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम जराखर थाना मझगुवां जिला हमीरपुर को उसी के गांव से गिरफ्तार किया, अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। 17 साल पुराने लंबित आपराधिक मामले के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नौगाँव निरीक्षक सतीश सिंह, उनि कुलदीप सिंह जादौन चौकी प्रभारी गरौली, उनि एस जे खान, प्रआर अरविन्द, मनीष, राजकुमार, आरक्षक जितेन्द्र, कमल, राजकुमार, उदयपाल की भूमिका रही।

### छतरपुर में नदी-तालाबों का निरीक्षण, अतिक्रमणकारियों को नोटिस



**छतरपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश पर रविवार को एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार संदीप तिवारी ने सिघाड़ी नदी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नदी का सीमांकन कराया गया और सफाई कार्य भी करवाया गया।निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर नदी क्षेत्र में अतिक्रमण पाया गया, जिसके चलते अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। मौके पर राजस्व निरीक्षक (आरआई), पटवारी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया ई ऑफिस का प्रशिक्षण

**रीवा।** नगर निगम रीवा के अधिकारियो-कर्मचारियों को जिला ई-दक्ष केंद्र में ई-ऑफिस का प्रशिक्षण दिया गया। ई-ऑफिस के नोडल अधिकारी तथा जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में सहायक आयुक्त दीपक पटेल सहित नगर निगम का अमला उपस्थित रहा।

### पठरा के जंगल में पलट पिकअप, मौके पर पहुंची पुलिस

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत पठरा के जंगल में एक पिकअप वाहन पलट गया। पुलिस थाना प्रभारी केके पटेल जब स्टाफ को लेकर क्षेत्र के भ्रमण पर निकले थे तो पिकअप वाहन पलटा देखा और स्थानीय लोगों एवं वाहन चालकों की मदद से पलटे हुए वाहन को सीधा कराया। घटना में हालांकि किसी को चोटें नहीं आई थी, लेकिन वाहन में लोड परचून का सामान पूरी सड़क पर फैल गया था। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि गत रात लगभग 9:30 बजे जब नाइट गस्त पर टीम के साथ भ्रमण पर थे उसी दौरान ग्राम पठरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर परचून लोड एक पिकअप वाहन पलटा था। घटना में किसी को चोट तो नहीं आई थी, लेकिन वाहन में लोड पूरा परचून का सामान सड़क पर फैल गया था और चालक एवं उसके साथी वहीं मौजूद थे। तत्काल राहगीरों एवं स्थानीय लोगों के अलावा वाहन चालकों की मदद से सड़क पर पलटे वाहन को सीधा कराया गया।

### अजय बहादुर सिंह हुए पदोन्नत, बने डीएसपी

**कटनी।** कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह को पुलिस मुख्यालय द्वारा पदोन्नत कर दिया गया है। अजय बहादुर सिंह को विभाग द्वारा उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) बना दिया गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा अजय बहादुर सिंह को कोतवाली थाने का प्रभार सौंपा गया था। पदभार ग्रहण करने के चंद दिनों बाद ही पदोन्नति हो गई।

### लापता बालिका को पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने एक लापता बालिका को दस्तयाब कर सुरक्षित उसके परिवार वालों के सुपुर्द किया। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसकी बेटी अचानक बिना बताए कहीं चली गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस ने गुणसूत्र की दर्ज करते हुए लापता की तलाश शुरू की। तलाश करते हुए विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। तकनीकी और स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना बाकल पुलिस टीम ने जिला दमोह से गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद किया। महिला को उनके परिवार से मिला दिया गया है।

## उप मुख्यमंत्री ने डायबीटिक फुट कार्यशाला का किया शुभारंभ

# मेडिकल हब बनने के लिए तेजी से हैं अग्रसर - उप मुख्यमंत्री

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सयाजी होटल में आयोजित तीसरी डायबीटिक फुट कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रीवा मेडिकल हब बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। बाहर जाने वाले लगभग पचास प्रतिशत जटिल रोगी अब रीवा में ही इलाज करा रहे हैं। विकसित भारत का सपना लोगों के स्वस्थ होने पर ही साकार होगा। चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार अनुसंधान से नई तकनीकों से अधिक कारगर उपचार सुविधाएं विकसित हो रही हैं। इस तरह के आयोजनों से चिकित्सकों को आपस में संवाद करने और अपने ज्ञान को बेहतर करने का अवसर मिलता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खान-पान की आदतों और जीवनशैली के कारण डायबिटीज का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसके कारण पैरों में कई तरह की जटिलता आती हैं और कई बार पैर काटने पड़ते हैं। यह कार्यशाला लोगों को जागरूक करने और रीवा में डायबीटिक फुट की प्रभावी उपचार व्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यशाला में चिकित्सकों ने समर्पण के भाव से जो संवाद किया है उसके सुखद परिणाम निकलेंगे। कार्यशाला से सामने आए तथ्यों को लागू करने के लिए कार्ययोजना बनाकर प्रयास करें। हम समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक स्वस्थ भारत का संदेश पहुंचाएंगे। रीवा में चिकित्सा के क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। शीघ्र ही दो सौ बेड का कैंसर अस्पताल शुरू हो रहा है। इसमें कैंसर के उपचार के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिकतम मशीनें रहेंगी। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल की सुविधाओं को भी लगातार बेहतर किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड योजना से उपचार कराने में भी रीवा प्रदेश में सबसे आगे हैं। कार्यशाला में इंडियन कोडायट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एपी सूरी ने कहा कि 2009 में संस्था का गठन किया गया। डायबिटीज के कारण पैरों में कई तरह की समस्याएं आती हैं। इनका समय पर इलाज न होने पर पैर काटने तक की नौबत आ जाती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य डायबिटिक फुट के उपचार की सुविधाएं मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिला स्तर पर उपलब्ध कराने की है। हम दो साल तक यदि जागरूकता अभियान चलाएं तो मध्यप्रदेश को पाँच साल में डायबिटिक फुट के रोग से मुक्त कर देंगे। समारोह में कार्यशाला के संयोजक तथा पूर्व डीन डॉ मनोज इंदुलकर ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के विशेष प्रयासों से रीवा में चिकित्सा सेवाओं में तेजी से विस्तार हो रहा है। रीवा में 24 और 25 अक्टूबर को डायबिटीज पर नेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। वर्तमान में आबादी का लगभग 12 प्रतिशत डायबिटीज से ग्रस्त है। इसके कारण पैरों में भी समस्या आती है। कार्यशाला में देश भर से आए विशेषज्ञों ने डायबिटिक फुट के उपचार के संबंध में सारगर्भित विचार और सुझाव दिए हैं। कार्यशाला में डॉ एमआर पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में मेडिकल कालेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीएल मिश्रा, डॉ उमेश मसंध, डॉ आलोक दुबे, डॉ प्रदीप निगम, डॉ लवकुश तिवारी, डॉ अनुराग चौरसिया सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक उपस्थित रहे।






## ट्रेन में चढ़ते समय पैर फिसलने से उप निरीक्षक की हुई मौत


**रीवा।** जिले रेलवे स्टेशन में पुलिस विभाग के उपनिरीक्षक नरेश प्रसाद मिश्रा की शुक्रवार रात रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरने से मौत हो गई। वे रेवांचल एक्सप्रेस से ड्यूटी के लिए भोपाल लौट रहे थे। मूलतः मनगवां थाना क्षेत्र के तिउनी निवासी 61 वर्षीय नरेश प्रसाद मिश्रा फिता रामचेला मिश्र वर्तमान में भोपाल के मंगलवारा थाने में पदस्थ थे और पंचवटी कॉलोनी में रह रहे थे। वे छुट्टी पर गांव आए हुए थे और बेटे के साथ ट्रेन पकडने स्टेशन पहुंचे थे। मिश्रा के स्टेशन पहुंचते ही ट्रेन चल पड़ी। बेटा तो ट्रेन में चढ़ गया, लेकिन मिश्रा का हाथ फिसल गया और वे प्लेटफार्म से नीचे पटरियों पर गिर पड़े। ट्रेन के पहियों की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। तत्काल ट्रेन को रोककर उनको बाहर निकाला गया और संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया गया कि मिश्रा छह महीने बाद सेवानिवृत्त होने वाले थे। घटना से परिवार शोक में डूबा है। जीआरपी थाना प्रभारी आरएस ठक्कर ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

## उप मुख्यमंत्री ने नवीन सर्किट हाउस भवन का किया निरीक्षण



**रीवा।** नवीन सर्किट हाउस भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। शीघ्र ही इसके लोकार्पण कराए जाने की संभावना है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने नवीन सर्किट हाउस भवन का निरीक्षण किया तथा इसके लोकार्पण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने रीवा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा भी की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पॉलीथिन में भरकर नवजात शिशु को फेंका



**रीवा।** जिले जनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत जन्म के बाद पॉलीथिन में भरकर नवजात शिशु को सड़क किनारे फेंकने का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने पॉलीथिन के अंदर शव देखा तो उनके होश उड़ गए। उसको फेंकने वाले का अभी पता नहीं चल पाया है। जनेह थाने के पडरहा में नवजात शिशु का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। उसके पास कुछ जानवर घूम रहे थे जिसे देखकर लोगों को संदेह हुआ। पॉलीथिन खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बच्चे को जन्म के तुरंत बाद फेंक दिया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। थाना प्रभारी कन्हेंया बघेल ने बताया कि उसको फेंकने वाली महिला की पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

## दुकान की आड़ में अवैध शराब व नशीली कफ सिरप की बिक्री कर रहा तस्कर गिरफ्तार




**रीवा।** जिले सेमरिया थाना पुलिस ने दुकान की आड़ में नशे का कारोबार करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है, तलाशी के दौरान उसकी दुकान से अवैध शराब व नशीली सिरप पकड़ी गई। पुलिस ने आरोपी के पास से विक्री के रुपए भी बरामद किए है। बता दे सेमरिया थाने के करमई गांव में सागर कुशवाहा के द्वारा नशीली सिरप की बिक्री की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने आरोपी की दुकान में दबिश देकर उसको अभिरक्षा में ले लिया। दुकान की तलाशी लेने पर पुलिस को दुकान से 37 शीशी नशीली सिरप और 65 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब बरामद हुई। आरोपी के पास से विक्री के 11600 के रुपए भी बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटौरा में भेड़ौरा नदी की साफ-सफाई की गई



**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत इटौरा में भेड़ौरा नदी तथा उसके घाटों की साफ-सफाई की गई। इसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर सहित जन अभियान परिषद, स्वैच्छिक संगठनों व ग्रामीण नदी पुनर्जीवन, श्रमदान व जल संवाद कार्यक्रम में सहभागी हुए। सीईओ जिला पंचायत तथा उपस्थित सभी श्रमदानी नदी में उतर कर नदी व घाटों की सफाई की। इसके बाद नदी तट पर उपस्थित जन समूह के साथ जल व नदियों की महत्ता पर संवाद किया,संवाद के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि जल के सभी स्त्रोत जीवन सभ्यता के लिए अनिवार्य है। इनका संरक्षण करना समाज की जिम्मेदारी है। शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश की सभी जलीय संरचनाओं के संरक्षण का महाभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत नदियों, तालाबो, बाबड़ियों, पोखरों व अन्य जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन किया जा रहा है। इन सभी संरचनाओं के संरक्षण के लिए समुदाय व नागरिकों को भी जुटना होगा, तभी हम अपनी पीढ़ियों को सुरक्षित जल और भविष्य दे पाएंगे। इस अवसर पर जन अभियान परिषद रीवा के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा रखते हुए भेड़ौरा नदी की भौगोलिक व वर्तमान स्थिति व अभियान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सीईओ जनपद रायपुर कर्चुलियान संजय सिंह, समाजसेवी प्रदीप गौतम सुमन, योगेंद्र शुक्ल, सुषमा शुक्ल, राजराखन पटेल द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जीएन श्रीवास्तव, नवांकुर व प्रस्फुटन संस्था के प्रतिनिधि, पत्रकार बन्धु, समाजसेवी व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## नरवाई जलाने पर धारा 163 के तहत लागू है प्रतिबंधात्मक आदेश

**रीवा।** जिले में कृषकों तथा पशुपालकों को भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा गर्मियों में होने वाली आग की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए जा चुके हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में 17 मार्च से लागू है। आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए गए हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 2500 रुपए, दो से पाँच एकड़ तक के किसानों पर 5000 रुपए तथा पाँच एकड़ से अधिक जमीन वाले किसानों पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। आदेश की व्यक्तिशः तामीली संभव नहीं होने के कारण इसे भारतीय नागरिक संहिता की 2023 धारा 163 (2) के तहत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया गया है। विभिन्न संचार माध्यमों से इसकी सूचना आमजनता को दी गई है। जारी आदेश के अनुसार रबी फसलों की कटाई के बाद खेतों को आग के हवाले करने वाले किसानों के खिलाफ अब कठोर कार्यवाही की जाएगी। हार्वेस्टर के माध्यम से गेंहू की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नही होगा, उन्हें गेंहू काटने की अनुमति नही दी जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिले में चलने वाले कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य होगा। जिला परिवहन अधिकारी इसकी निगरानी करें। इसका उल्लंघन करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही करें। खेत में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्मजीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिसके कारण मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घट जाती है। इसलिए नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। नरवाई जलाने के स्थान पर इसको स्ट्रारीपर से भूसा बनाकर पशुओं के भोजन के रूप में उपयोग करें। किसान यदि गेंहू के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। जारी आदेश के अनुसार पर्यावरण विभाग द्वारा जारी 2017 के नोटिफिकेशन में नरवाई जलाने पर दण्ड आरोपित करने का प्रावधान किया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा भी फसल अवशेष अथवा नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसका उल्लंघन करने पर किसान पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश को पालन कराने के लिए अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। साथ ही सभी अनुभागों में एसडीएम की अध्यक्षता में निगरानी समिति गठित की गई है। आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए खण्ड स्तर पर नायब तहसीलदार, कृषि विस्तार अधिकारी एवं थाना प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई है। जिला दण्डाधिकारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को पटवारी के साथ नरवाई जलाने की घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार कर तहसीलदार को भेजने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों की सुनवाई करके एसडीएम के माध्यम से अंतिम निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक एवं समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है

## एमपी ट्रांसको ने कार्मिकों के गृह भाड़ा भत्ते को किया पुनरीक्षित

**रीवा।** एम पी ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने रीवा समेत प्रदेश के अपने कार्मिकों के लिए गृह भाड़ा भत्ता के पुनरीक्षित आदेश जारी कर दिए हैं। एम पी ट्रांसको के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री धीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी ने मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के आदेश के अनुसार, शासकीय सेवकों के लिए निर्धारित गृह भाड़ा भत्ते के प्रावधानों को आवश्यक संशोधनों सहित अपनाया है। पुनरीक्षित गृह भाड़ा भत्ता इस प्रकार देय रहेगा।7 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले नगरों में निवासरत कंपनी कार्मिकों को उनके मूल वेतन का 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ते के रूप में देय होगा। 3 लाख से अधिक लेकिन 7 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 7 प्रतिशत होगी। 3 लाख से कम जनसंख्या वाले नगरों में यह दर 5 प्रतिशत निर्धारित की गई है। जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि वे कार्मिक जो कंपनी आवास में रह रहे हैं या किराया रहित कंपनी आवास में निवासरत हैं या किराया रहित आवास के बदले कोई अन्य भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें गृह भाड़ा भत्ता देय नहीं होगा। साथ ही संविदा, तदर्थ, स्थायी-कर्मी व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी इस भत्ते की पात्रता नहीं होगी। अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी और यह आदेश 1 अप्रैल 2025 से प्रभावशील होगा।

# मऊगंज में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कारवाई

1900 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त जिसकी कीमत एक लाख नब्बे हजार रुपए







**मऊगंज।** आबकारी टीम द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानो से अवैध मदिरा के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए जायसवाल बस्ती नइगढ़ी मे प्रेमलाल जायसवाल के रिहायशी माकान से 240 किलोग्राम महुआ लाहन,अनीता जायसवाल के रिहायशी माकान से 260किलोग्राम महुआ लाहन,शियाबती जायसवाल के रिहायशी माकान से 320 किलोग्राम महुआ लाहन,सबिता जायसवाल के रिहायशी माकान से 260 किलोग्राम महुआ लाहन ग्राम-चौगवा मे रमेश बसोर रिहायशी मकान से 280 किलोग्राम महुआ लाहन,रेशमी बसोर के रहायशी माकान से 320 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-पिपरा मे रामनिहोर पटेल के रिहायशी मकान से 220 किलोग्राम महुआ लाहन,ग्राम-बरोहा मे रामप्रसाद बसोर के रिहायशी माकान से 220 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर म०प्र० आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(च) के तहत प्रकरण दर्ज किये गये। आज की कार्यवाही में कुल 08 प्रकरणों मे 1900 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 190000 रुपए /- है।

# मऊगंज नगर परिषद अध्यक्ष सहित 19 पर शांति भंग करने के दृष्टि से 107-16 की कार्रवाई

### शराब दुकान हटाने के धरने पर बैठने से 107-16 की कार्रवाई





**मऊगंज।** शहर के बीच में दोनों कंपोजिट शराब की दुकानें सार्वजनिक स्थल से हटाने की मुहिम महीनो से चल रही है शराब की दुकान हटाने में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल सहित पार्टी के कार्यकर्ता व्यापारी अन्य संगठनों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया चाक मोड़ की दुकान हटा दी गई किंतु बस स्टैंड की दुकान नहीं हटाई गई प्रशासन ने 25 अप्रैल तक को हटाने का आश्वासन दिया था किन्तु अभी तक न हटाने पर 26 अप्रैल को भाजपा समर्थित कार्यकर्ता व्यापारी और अन्य संगठनों ने सुबह से ही शराब दुकान का शटर बंद कर दुकान हटाने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए ।ठेकेदार का आरोप था कि शटर बंद करने से दो कर्मचारियों का स्वास्थ्य बिगड़ गया था जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया किंतु शाम को बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन स्थल पर पहुंचकर धरने पर बैठे व्यक्तियों को समझाइश दी गई समझाइश ना मानने पर आबकारी विभाग ने शटर उठाकर दुकान को चालू कर दिया विरोध कर रहे 19 सदस्यों को पुलिस ने नाम पता दर्ज कर 107-16 की कार्रवाई की और कुछ देर बाद मुचलके पर रिहा किया गया 107-16 की कार्रवाई में पुरुषों के साथ कई महिलाएं भी शामिल थी नगर परिषद के वर्तमान अध्यक्ष बृजवासी पटेल पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रभा गुप्ता पार्षद शंकर लाल तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष शुलेद्र गुप्ता सहित धरने में बैठे 19 व्यक्तियों पर शांति भंग करने की आशंका पर 107-16 की कार्रवाई प्रशासन द्वारा की गई बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक स्थल से शराब की दुकान हटाने की मांग किया जा रहा है किंतु प्रशासन द्वारा शराब की दुकान सार्वजनिक स्थल से नहीं हटाई गई

## मऊगंज में आतंकवाद के खिलाफ फूटा जनाक्रोश, भारी भीड़ के साथ किया गया पुतला दहन



**मऊगंज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में पुराने बस स्टैंड पर आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व मंडल अध्यक्ष सुलेद्र गुप्ता उर्फ गेदे बाबू ने किया।पुतला दहन में नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, प्रमोद गुप्ता, व्यापारी संघ अध्यक्ष छेदीलाल गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक, व्यापारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की और देश की एकता व अखंडता के लिए संघर्षरत रहने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान ₹आतंकवाद मुर्दाबाद₹, ₹भारत माता की जय₹ और ₹वंदे मातरम्₹ जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। नागरिकों ने कहा कि आतंकवाद न केवल निर्दोषों के जीवन के लिए खतरा है, बल्कि यह देश की आंतरिक सुरक्षा और अखंडता के लिए भी एक गंभीर चुनौती है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए।पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंलद्र सुलेद्र गुप्ता ने कहा कि देशवासियों को एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने सरकार से आतंकवाद पर कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि शहीदों के बलिदान को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा।पुतला दहन के बाद उपस्थित जनसमूह ने मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और आतंकवाद मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया।